आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

हाथरस में कल हुए दर्दनाक हादसे के बाद आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना स्थल का दौरा करने के साथ ही जिला अस्पताल में भर्ती घायलों का हाल जाना। इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर घटना और राहत बचाव कार्य की विस्तृत जानकारी ली।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले में जो भी दोषी होगा उनपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज के निर्देशन में न्यायिक कमेटी का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरी घटना की तह तक जाने के लिए शासन स्तर पर हमने कल ही व्यवस्था बनाई थी। हादसे में 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है, जिनमें उत्तर प्रदेश के साथ–साथ हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश से आए श्रद्धालु भी थे। इस कार्यक्रम में जो सज्जन अपना उपदेश देने आए थे, उनकी कथा संपन्न होने के बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। कल हाथरस के फुलराई मुगलगढ़ी गांव में सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से 116 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में 100 से अधिक महिलाएं और सात बच्चे भी शामिल हैं।

****

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ने शैक्षणिक वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति के लिए पंजीकरण विंडो की शुरूआत की है। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस पोर्टल की शुरूआत एक ही बार के पंजीकरण तथा नए और नवीनीकरण छात्रवृत्तियों के आवेदन के लिए की गई है। इस वर्ष आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस अगस्त है। एक ही बार पंजीकरण एक यूनिक चौदह अंकों का नंबर है जो आधार नम्बर से जुड़ा है। इसकी आवश्यकता छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए होती है। मंत्रालय ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को एक ही बार वाली पंजीकरण संख्या मिली है वे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं।

****

प्रदेश में सीनियर पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। महेंद्र कुमार मिश्रा को अपर आयुक्त झांसी मंडल बनाया गया है। रजनीश राय को सीआरओ देवरिया, जगदंबिका प्रसाद गुप्ता को एडीएम ई कानपुर , अरुण कुमार सिंह को एडीएम एफआर गाजीपुर बनाया गया है। नलिनी कांत सिंह और शैलेंद्र कुमार मिश्रा का भी तबादला कर दिया गया है।

****

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज अयोध्या के सरयू तट पर मुंडन कराकर अपना केस समर्पित किया। इसके बाद पद यात्रा कर राम लला के दरबार में अपनी पगड़ी भी समर्पित की। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से अभियान चला कर हमने इंडी गठबंधन की सरकार को हटाने का काम किया है। जब एनडीए के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने शपथ ली, तब हम लोगों ने तय किया था कि अयोध्या जाकर प्रभु राम के चरणों में पगड़ी समर्पित करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर की गयी अपील का व्यापक असर नजर आने लगा है। प्रदेश भर में लोग अपनी मां या उनकी स्मृति में **एक पौधा मां के नाम** का लगाकर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मुहिम से जुड़ रहे हैं। हमीरपुर जिले में आज वन महोत्सव सप्ताह के तहत स्कूली छात्रों ने रैली निकालकर पौधरोपण की अपील की। वाराणसी में भी शिक्षकों के द्वारा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

****

सावन माह में शिव के दर्शन के लिए काशी आने वाले श्रद्धालुओं की सहुलियत के लिए पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। वाराणसी में पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि सारनाथ स्थित भगवान सारंगनाथ मंदिर के मार्ग को दुरुस्त करवाने के साथ–साथ सुंदरीकरण भी कराया जा रहा है। सारंगनाथ मंदिर में एक ही अरघे में दो शिवलिंग स्थापित है। सावन में शिव भक्त इस मंदिर में दर्शन के लिये आते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा रेलवे स्टेशन और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी साइनेज के माध्यम से लोगों को विभिन्न मंदिरों के मार्ग के मार्ग के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य स्थानों पर हेल्प डेस्क के माध्यम से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसकी भी जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

****

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में गरज–चमक के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने आज भी गोरखपुर, प्रयागराज, चित्रकूट, कौशाम्बी, औरैया सहित विभिन्न जनपदों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के पैंसठ जिलों में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार आने वाले चार–पांच दिनों तक ऐसे ही रुक रुक कर बरसात होती रहेगी। इस दौरान दिन और रात का तापमान सामान्य रहने के आसार हैं।

****